(स) यदि किसी भी विद्यार्थी के पास परीक्षा के दौरान पुस्तक/नोट्स/पेपर्स आदि पाये जाते हैं अथवा यदि कोई विद्यार्थी परीक्षा के दौरान किसी दूसरे से नकल हेतु पुस्तक/नोट्स/पेपर्स की मदद लेते पकड़ा जायेगा अथवा उसके पास किसी भी अन्य सामग्री जैसे पेपर, प्रश्न पत्र, कम्पास बॉक्स, कैलकुलेटर, स्केल आदि पर कुछ लिखा हुआ पाया जाता है, अथवा किसी भी प्रकार अनुचित साधनों को प्रयोग करते हुए या उनका प्रयोग हेतु प्रयत्न करते हुए पकड़ा जाये अथवा उसके डेस्क/टेबल/शरीर के किसी अंग/कपड़ों/स्केल/कार्ड बोर्ड आदि पर कोई नोट्स या कुछ लिखा पाया जाता है और वो इसकी सूचना वीक्षक को न दें आदि.... इस तरह की गतिविधियों को अनुचित साधनों के प्रयोग के अंतर्गत माना जायेगा।

(द) यदि कोई विद्यार्थी उत्तरपुस्तिका के पृष्ठों से छेड़छाड़ करता है, उसे फाड़ता है अथवा उसके सही उपयोग को किसी भी तरह से बाधित करता है तो उसे अनुचित साधनों के प्रयोग के अंतर्गत माना जायेगा।

(इ) परीक्षा कक्ष में उत्तर लेखन हेतु दी जाने वाली उत्तरपुस्तिकाओं के अतिरिक्त कोई भी विद्यार्थी अपने उत्तर किसी अन्य पेपर में नहीं लिखेगा।

(फ) यदि कोई विद्यार्थी परीक्षा में लिखने में असमर्थ है अथवा अक्षम है तो परीक्षा अधीक्षक परीक्षार्थी को एक लेखन सहायक उपलब्ध करा सकते हैं। यह लेखन सहायक 'कर्मचारी/मिनिस्टिरीयल कैडर का होगा तथा उसकी शैक्षणिक योग्यता 10+2 से अधिक नहीं होगी।

11.3

(अ) यदि कोई वीक्षक किसी भी परीक्षार्थी को धारा 11.2 (स) तथा (द) में निर्दिष्ट अनुचित साधनों का उपयोग करते हुए पाते हैं तो वे उस परीक्षार्थी द्वारा उपयोग में ली जाने वाली पुस्तक/पेपर/साम्रगी आदि के साथ उसकी उत्तरपुस्तिका को भी जब्त कर लेगें तथा उस परीक्षार्थी से उसका लिखित अभिकथन/वक्तव्य/स्पष्टीकरण प्राप्त करेंगें।

(ब) यदि कोई परीक्षार्थी लिखित अभिकथन देने से मना करता है तो उससे ''अभिकथन लेखन के अस्वीकार्यता'' का वक्तव्य भी लिखित में प्राप्त करना होगा। यदि वह परीक्षार्थी अस्वीकार्यता संबंधित अभिकथन भी लिखकर न दे तो इस तथ्य को उस परीक्षा कक्ष का कम से कम एक वीक्षक अथवा उड़नदस्ते का एक सदस्य साक्षी के रूप में अभिलिखित करेंगें।

(स) ऐसे परीक्षार्थी की उत्तरपुस्तिका में वीक्षक अपनी टीप देकर उस पर हस्ताक्षर करेंगें।

11.4

(अ) यदि परीक्षा के दौरान अथवा मूल्यांकन के दौरान परीक्षार्थी द्वारा अनुचित साधनों का प्रयोग अथवा उसका प्रयास करना पाया जाता है या वह प्राध्यापक, वीक्षक, अधिकारी या उड़नदस्ते के सदस्यों को धमकी देता है या वह परीक्षा कार्य में व्यवधान उत्पन्न करता है तो वह धारा 11.4 (ब) के अनुसार दण्ड का भागी होगा। इस तरह के सभी मामले साक्ष्य सहित परीक्षा अधीक्षक/ संबंधित अधिष्ठाता के संज्ञान में लाये जायेंगे।

(ब) यदि कोई विद्यार्थी किसी भी परीक्षा में या अतिरिक्त परीक्षा मे अनुचित साधनों का प्रयोग करते पाया जाता है तो उस विद्यार्थी का उस सेमेस्टर का, जिसमें उसने अनुचित साधन का प्रयोग किया है, पंजीयन निरस्त माना जायेगा। ऐसा विद्यार्थी आगामी सेमेस्टर में भी पंजीयन से वंचित कर दिया जायेगा।

(स) ऐसे विद्यार्थीगण जो सामूहिक रूप से परीक्षा कक्ष में प्रश्नपत्र मिलने के बाद अथवा निर्धारित परीक्षावधि में विरोध स्वरूप निर्धारित परीक्षा से बाहर निकल जायें / वॉक ऑउट कर दें अथवा निर्धारित परीक्षा में विरोध स्वरूप उपस्थित न होवें (बहिष्कार कर दें) उन्हें उस विषय में अनुतीर्ण माना जायेगा।

(द) यदि कोई विद्यार्थी परीक्षा मे अनुचित साधन का प्रयोग करते समय वीक्षक, प्राध्यापक अथवा उड़नदस्ते के अधिकारी या सदस्य को धमकाता है तो वह धारा 11.4 (ब) के अनुसार दण्ड का भागी होगा।

(इ) यदि कोई विद्यार्थी उत्तर पुस्तिका में अपने हस्ताक्षर करता है या उस पर अपनी पहचान हेतु कोई चिन्ह अंकित करता है तो उसकी उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा तथा वह विद्यार्थी उस विषय में अनुतीर्ण माना जायेगा।

(फ) यदि कोई विद्यार्थी परीक्षा में व्यवधान उत्पन्न करता है अथवा अपने स्थान पर किसी दूसरे को परीक्षा हेतु बैठाता है/फर्जी परीक्षार्थी के रूप में परीक्षा में सम्मिलित होता है तो उसे विश्वविद्यालय की नामदर्ज सूची से बहिष्कृत कर दिया जायेगा।

(ग) परीक्षा के दौरान किसी भी विद्यार्थी द्वारा मोबाइल अथवा इस तरह की इलेक्ट्रॉनिक सामग्री को अपने पास रखना अथवा उसका उपयोग करना पूर्णतः वर्जित है इस तरह के कृत्य को अनुचित साधनों का उपयोग करने की तरह ही माना जायेगा तथा ऐसा विद्यार्थी धारा 11.4 (ब) के अंतर्गत दण्ड का भागी होगा।

11.5 महाविद्यालय की अनुशासन समिति न्यायिक निर्णय देने हेतु सक्षम नियोग होगी तथा ऐसे प्रत्येक अनुचित साधनों के प्रयोग के मामले में कार्यवाही करेगी तथापि दण्ड आरोपण अधिसूचना का आदेश संबंधित अधिष्ठाता द्वारा जारी किया जायेगा। अनुशासन समिति में महाविद्यालय का वरिष्ठतम प्राध्यापक अध्यक्ष होगा तथा दो विभागों के विभागाध्यक्ष, एक छात्रावास अधीक्षक, प्रभारी शिक्षण, एन.सी.सी या एन.एस.एस के प्रभारी इसके सदस्य होगें। अनुशासन समिति का मनोनयन संबंधित अधिष्ठाता द्वारा किया जायेगा।

11.6 वह सेमेस्टर जिसे दण्ड के रूप में निरस्त किया गया है उसे आवासीय अनिवार्यता के लिये गणना में शामिल नहीं किया जायेगा।

11.7 परीक्षा कक्ष में यदि अनैतिक साधनों के प्रयोग अथवा गंभीर दुराचरण के एक से अधिक मामले किसी विद्यार्थी के विरूद्ध सिद्ध होते हो, तो उस विद्यार्थी को विश्वविद्यालय की सूची से निष्कासित किया जायेगा।

12. पुनर्मूल्यांकन एवं पुनर्यौगिकीकरणः

12.1 किसी भी सेमेस्टर की अंतिम परीक्षा के परिणाम विश्वविद्यालय के पोर्टल पर घोषित होने पर अथवा संबंधित महाविद्यालय के अधिष्ठाता द्वारा सूचना पटल पर चस्पा/प्रदर्शित किये जाने पर विद्यार्थी अधिकतम दो विषयों की अंतिम परीक्षा की उत्तर पुस्तिका के पुनर्मूल्यांकन अथवा पुनर्योगिकीकरण के लिये संबंधित महाविद्यालय के अधिष्ठाता को परीक्षा परिणाम घोषित होने के सात कार्यदिवस के अंदर अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकता है।

12.2 प्रत्येक सैद्धांतिक परीक्षा की उत्तर पुस्तिका के पुनर्मूल्यांकन एवं पुनर्योगिकीकरण का शुल्क क्रमशः रू. 350/– तथा 200/– होगा तथापि पुनर्मूल्यांकन उत्तर पुस्तिका का पुनर्यौगिकीकरण एवं पुनर्मूल्यांकन नहीं कराया जा सकेगा।

(अ) संबंधित अधिष्ठाता संकाय संबंधित विभाग के प्राध्यापक द्वारा ही पुनर्मूल्यांकन अथवा पुनर्योगिकीकरण के कार्य हेतु नामित करेंगे।

(ब) यदि पुनर्मूल्यांकन में किसी विद्यार्थी के अंक पूर्व प्राप्तांक से कम होते हैं तो पुनर्मूल्यांकन से प्राप्त अंक की उपेक्षा की जायेगी तथा पूर्व प्राप्तांक अपरिवर्तित रहेंगें।

(स) यदि पुनर्मूल्यांकन द्वारा किसी विषय में अधिकतम संभव प्राप्तांको से 10 प्रतिशत तक वृद्धि होती है तो पुनर्मूल्यांकनकर्ता द्वारा दिये गये अंक उस विद्यार्थी के मूल प्राप्तांक के स्थान पर दिये जायेंगे।

(द) परन्तु, यदि पुनर्मूल्यांकन के पश्चात् किसी विद्यार्थी के प्राप्तांकों में उस विषय में निर्धारित अधिकतम संभव अंको से 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि या कमी होती है तो उस उत्तर पुस्तिका का पुनर्मूल्यांकन तृतीय पुनर्मूल्यांकनकर्ता द्वारा कराया जायेगा। ऐसी स्थिति में यदि तृतीय पुनर्मूल्यांकनकर्ता द्वारा दिये गये अंक मूल प्राप्तांक से अधिक होते है तो उन दो प्राप्तांकों का औसत मूल प्राप्तांक के स्थान पर दर्ज होगा जो आपस में समीपता रखते हों।

13. शैक्षणिक अवस्थिति, विद्यार्थियों की निरन्तरता एवं पुनः प्रवेश तथा मानद प्रमाण पत्र प्रदान करना

13.1 किसी भी छात्र के विश्वविद्यालय में नाम दर्ज विद्यार्थी के रूप में निरंतर रहना निम्नांकित शर्तों की पूर्णता पर निर्भर करेगा–

(अ) शैक्षणिक स्थिति लगातार संतोषप्रद हो

(ब) संतोषप्रद आचरण एवं अनुशासित व्यवहार हो

(स) शैक्षणिक गतिविधियों की निरन्तरता बनाये रखने हेतु स्वास्थ्य एवं दैहिक क्षमता संतोषप्रद हो

(द) निर्धारित शुल्क एवं देय का भुगतान तथा विषयों का पंजीयन समय से हो।

13.2 यदि कोई विद्यार्थी स्नातक पाठ्यक्रम के किसी भी विषय के सैद्वांतिक अथवा प्रायोगिक भाग में 50 प्रतिशत अंक प्राप्त नही कर पाता है तो वह उस सैद्वांतिक अथवा प्रायोगिक भाग में अनुत्तीर्ण माना जायेगा तथा सैद्वांतिक/प्रायोगिक जिस भाग में भी वह अनुत्तीर्ण होता है उसे उस परीक्षा में पुनः सम्मिलित होकर उत्तीर्ण होना होगा।

13.3 स्नातक पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष के प्रथम सेमेस्टर के अंत में या उस शैक्षणिक सत्र के अंत में यदि कोई विद्यार्थी पाँच (5) विषयों से अधिक में अनुत्तीर्ण होता है तो उसे अगले शैक्षणिक सत्र में उसी कक्षा में पुनः प्रवेश लेना होगा।

13.4 स्नातक पाठ्यक्रम (कृषि/उद्यानिकी) के प्रथम वर्ष का कोई भी विद्यार्थी यदि किसी भी कारण से कक्षा में उपस्थित नही हो पाता है तो उसे अगले दो शैक्षणिक सत्रों में पुनः प्रवेश की पात्रता होगी। इसी तरह यदि कोई विद्यार्थी स्नातक पाठ्यक्रम (कृषि/उद्यानिकी) के प्रथम वर्ष में लगातार दो शैक्षणिक सत्रों में अनुत्तीर्ण होता है तो उसे भी तृतीय शैक्षणिक सत्र में पुनः प्रवेश की पात्रता होगी, परन्तु ऐसे किसी भी विद्यार्थी को उसकी प्रवेश तिथि से तीन वर्ष के अन्दर प्रथम वर्ष के सभी विषयों में उत्तीर्ण होना होगा अथवा उसे द्वितीय वर्ष में शैक्षणिक परीवीक्षा की अर्हता प्राप्त करना होगी ऐसा न कर पाने की स्थिति में उस विद्यार्थी को विश्वविद्यालय की नामदर्ज सूची से हटा दिया जायेगा।

13.5 पुनः प्रवेशित विद्यार्थियों के लिये शैक्षणिक नियमावली वही लागू होगी जो नवीन प्रवेशित विद्यार्थियों के लिये होगी।

13.6 किसी भी शैक्षणिक वर्ष अथवा सत्र के अंत में ऐसे विद्यार्थी जो पाँच अथवा पाँच से कम विषयों में अनुत्तीर्ण होंगे वे शैक्षणिक परीवीक्षा में रखे जायेंगे तथा उन्हें अगली उच्च कक्षा के विषयों का पंजीयन करने की अनुमति होगी। ऐसे विद्यार्थी जो शैक्षणिक परीवीक्षा में रखे गयें हैं तथा जिन्हें अगली उच्च कक्षा के विषयों में पंजीयन हेतु अनुमति दी गई है, को अनिवार्य रूप से पिछली कक्षाओं के अनुत्तीर्ण विषयों का भी पंजीयन कराना होगा। ऐसे विद्यार्थियो को 100 रू. प्रति

सैद्वांतिक/प्रायोगिक विषय के हिसाब से अतिरिक्त परीक्षा शुल्क देय होगा। ऐसे विद्यार्थियों को ऐसे विषय जिसमें वे अनुत्तीर्ण हैं, उपलब्ध होने पर पंजीयन कराने की अनुमति होगी।

13.7 स्नातक पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष का विद्यार्थी यदि प्रथम वर्ष में केवल एक विषय में अनुत्तीर्ण हो तो उसे तृतीय वर्ष के विषयों का पंजीयन कराने की अनुमति मिल सकेगी। इसी तरह स्नातक पाठ्यक्रम के तृतीय वर्ष का विद्यार्थी यदि द्वितीय वर्ष के केवल एक विषय में अनुत्तीर्ण हो तो उसे चतुर्थ वर्ष के विषयों का पंजीयन कराने की अनुमति मिल सकेगी परन्तु किसी भी परिस्थिति में चाहे विद्यार्थी तृतीय वर्ष में प्रविष्ट हो या चतुर्थ वर्ष में; उसके कुल अनुत्तीर्ण विषयों की संख्या निर्धारित सीमा पाँच से अधिक नही होना चाहिये।ऐसे विद्यार्थी प्रत्येक सेमेस्टर में निर्धारित परीक्षा के अनुसार उस विषय की परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं जिसमें वे अनुत्तीर्ण रहे हों।

13.8

(अ) द्वितीय/तृतीय/चतुर्थ वर्ष के ऐसे विद्यार्थी जो किसी भी शैक्षणिक सत्र में पाँच से अधिक विषयों में अनुत्तीर्ण है, वे उसी कक्षा के अनुत्तीर्ण विषयों का पंजीयन कर सकेंगे तथा वे अगली उच्च कक्षा के विषयों का पंजीयन नहीं करा सकेंगे।

(ब) ऐसे विद्यार्थी जो किसी भी सेमेस्टर में निःशुल्क सीट (फ्री सीट) पेमेन्ट सीट (भुगतान सीट) एवं केवल पुनरावृत्ति विषय (रिपीट कोर्स) के लिये पंजीकृत हों, जिसमें कक्षा–उपस्थिति आवश्यक नहीं है, वे उस सत्र के लिये निर्धारित शुल्क में से शिक्षण शुल्क को छोड़कर शेष शुल्क का भुगतान करेंगे।

(स) पूरक परीक्षा का आयोजन नहीं किया जायेगा, परन्तु अंतिम वर्ष के ऐसे विद्यार्थी जिन्हें "अंतिम वर्ष" का दर्जा प्राप्त हो चुका है, उनके लिये "अतिरिक्त परीक्षा" का आयोजन किया जायेगा। ऐसी परिस्थिति में ऐसे विद्यार्थी अतिरिक्त परीक्षा में तभी सम्मिलित हो सकते है जबकि उनके पूर्व की कक्षाओं के अनुत्तीर्ण विषयों में उन्हें उत्तीर्ण होना शेष हो। अतिरिक्त परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थी उस सत्र के लिये निर्धारित शुल्क में से शिक्षण शुल्क को छोड़कर शेष शुल्क का भुगतान करेगें।

13.9 संकाय द्वारा निर्धारित आवश्यकताओं के साथ–साथ ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने 10 बिन्दु मापन (10 च्वपदज ैबंसम) में 5.50 ओ. जी. पी. ए. अर्जित किये हों उपाधि प्राप्त करने के पात्र होंगे। ऐसे विद्यार्थी जिनका ओ. जी. पी. ए. 10 बिन्दु मापन (10 Point Scale) पर 5.50 से कम है उन्हें अपना ओ. जी. पी. ए. में सुधार करने हेतु ऐसे विषयों में पुनर्परीक्षा की अनुमति होगी जिसमें उसे नियमित सेमेस्टर में 55ः से कम अंक प्राप्त हुए है।

14. विद्यार्थियों हेतु आचार संहिता

14.1 विश्वविद्यालय में प्रविष्ट विद्यार्थियों को महाविद्यालय केम्पस में तथा कक्षा एवं कक्षा के बाहर उत्कृष्ट चरित्र, उत्तम आचरण, एवं अनुशासन बनाये रखते हुए विश्वविद्यालय के वातावरण को

शांत एवं शिक्षानुकूल बनाने में सहायक होना होगा।

14.2 अपने संकाय के प्राध्यापकों के मार्गदर्शन में प्रत्येक विद्यार्थी को अध्ययन की ओर केन्द्रित होना होगा।

14.3 विद्यार्थियों को नियमित रूप से अपनी कक्षाओं/ट्यूटोरियल्स/प्रयोगशाला/कार्यशाला/प्रक्षेत्र, खेत आदि में अपने पाठ्यक्रम के अनुरूप उपस्थित होना होगा तथा उन्हें अपने प्राध्यापकों की अनुमति के बिना अनुपस्थित नही रहना है। अनुमति पश्चात् अनुपस्थिति का अर्थ उपस्थित होना नहीं है। उपस्थिति में अनियमितता पाये जाने पर, अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी तथा उपस्थिति में कमी के कारण परीक्षा से वंचित किया जाकर कक्षा/छात्रावास तथा विश्वविद्यालय से भी निष्कासित किया जा सकता है।

14.4 कोई भी विद्यार्थी सहपाठियों अथवा विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों/कर्मचारियों के साथ रैगिंग अथवा अन्य अशोभनीय आचरण करने में संलिप्त नहीं रहेगा। उदण्ड, उग्र, हिंसक, निन्दनीय, अभद्र, तथा अशिष्ट व्यवहार, किसी को भी शारीरिक रूप से आघात पहुंचाना या मानसिक उत्पीड़न पहुंचाना अथवा विश्वविद्यालय की संपत्ति जैसे भवन, फर्नीचर, फिक्सर्स, पुस्तकालय, संग्रहालय, प्रयोगशाला, साजसज्जा की सामग्री, कार्यशाला, औजार, यंत्र, उपकरण, आदि को क्षति पहुंचाना, बाग–बगीचे, दीवार आदि में थूकना, उन्हें विकृत करना, अनर्गल लिखना आदि गंभीर अनुशासनहीनता तथा दुराचरण माना जाकर अधिकारियों द्वारा उसके विरूद्व कार्यवाही की जायेगी।

14.5 कोई भी विद्यार्थी छात्रावास में, विश्वविद्यालय परिसर में, अथवा बाहर नियम विरूद्व अनुचित गतिविधियों में यदि संलिप्त पाया जाता है, तो उसके विरूद्व न केवल विश्वविद्यालय के अधिकारियों द्वारा अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी अपितु कानून एवं व्यवस्था बनाये रखने हेतु जिम्मेदारों द्वारा स्वतंत्र रूप से वैधानिक कार्यवाही की जायेगी तथा इस वैधानिक कार्यवाही में महाविद्यालय अथवा विश्वविद्यालय प्रशासन कोई हस्तक्षेप नहीं करेगा।

14.6 कोई भी विद्यार्थी किसी भी अवांछित व्यक्ति को परिसर में नही बुलायेगा तथा उसे छात्रावास में नही रखेगा तथा उसे विश्वविद्यालय/महाविद्यालय परिसर में या बाहर तथा उसे चोरी, गुण्डागिरी, लूट, शारीरिक हमला आदि के लिये न तो उकसायेगा और न ही उसके साथ इन कृत्यों में लिप्त रहेगा।

14.7 सभी विद्यार्थी सादे–शिष्ट परिधान पहनेंगे तथा चटकीले भड़कीले ऐसे परिधान जो श्लील की श्रेणी में नहीं आते हैं, का उपयोग नहीं करेंगे।

14.8 कोई भी विद्यार्थी कभी भी कक्षा का बहिष्कार नहीं करेगा, हड़ताल में शामिल नहीं होगा, परीक्षा का बहिष्कार नहीं करेगा, अथवा ऐसी किसी भी गतिविधि में न तो स्वयं शामिल होगा और न ही किसी भी विद्यार्थी अथवा कर्मचारी को ऐसा करने के लिये उकसायेगा, विवश करेगा अथवा जबरदस्ती बलपूर्वक दबाव बनायेगा।

14.9 सभी विद्यार्थियों के लिये परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग दुराचरण की श्रेणी में माना जाकर उस पर तदानुसार कार्यवाही की जायेगी।

14.10 सभी विद्यार्थियों से सीधे–सादे, आडम्बरहीन, विनम्र एवं सहिष्णु चरित्र की अपेक्षा की जाती है। उसे मदिरापान, प्रतिबंधित दवाएं, ड्रग्स, धूम्रपान से स्वयं को निर्लिप्त रखना होगा तथा वह दूसरों को भी इस हेतु जबरदस्ती विवश नहीं करेगा तथा इस तरह की आदतों के शिकार अवांछनीय तत्वों की न तो संगत करेगा न ही ऐसे अनैतिक गतिविधियों के अड्डों की ओर प्रवृत्त होगा। यदि कोई भी विद्यार्थी इस तरह की गतिविधियों में लिप्त पाया जाता है तो उसे विश्वविद्यालय से अविलम्ब निष्कासित कर दिया जायेगा।

14.11 कोई भी विद्यार्थी विश्वविद्यालय/महाविद्यालय में अथवा बाहर किसी भी असामाजिक गतिविधि में लिप्त नहीं होगा एवं किसी भी समाज, जाति, धर्म, भाषा, या क्षेत्र के व्यक्तियों का अपमान नहीं करेगा।

14.12 यदि कोई विद्याथी अथवा विद्यार्थी–समूह अपना अध्ययन निर्बाध, शांतिप्रिय तरीके से पूर्ण करने में कठिनाई अनुभव करता है अथवा किसी अन्य प्रकृति की समस्या का सामना करता है तो उन्हें तुरन्त निदेशक शिक्षण, संबंधित अधिष्ठाता संकाय अथवा अधिष्ठाता छात्र कल्याण से सहायता एवं मार्गदर्शन हेतु सम्पर्क करना चाहिये। अगर इस स्तर पर भी उन्हें उनकी समस्या का समाधान नहीं मिले तब ही उन्हें सम्मानपूर्वक कुलसचिव अथवा माननीय कुलपति जी से सम्पर्क करना चाहिए। हिंसा, अनुचित आचरण, तथा प्रशासन पर जनसम्पर्क/पत्रकारिता/राजनीति से संबद्ध व्यक्तियों से दबाव डलवाना आदि दुराचरण की श्रेणी में माना जायेगा।

14.13 छात्रावास में रहने वाला विद्यार्थी किसी भी अनैतिक/अवैधानिक कार्य में लिप्त नहीं रहेगा अथवा निषेध सामग्री अपने कक्ष में अथवा छात्रावास परिसर में नहीं रखेगा। उनके कक्ष/छात्रावास की विश्वविद्यालय प्रशासन अथवा वैधानिक संस्थाओं द्वारा कभी भी तलाशी ली जा सकती है तथा उनके विरूद्ध उपयुक्त कार्यवाही की जा सकती है।

14.14 सभी विद्यार्थियों से विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक, शिक्षणेत्तर एवं आध्यात्मिक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता की अपेक्षा की जाती है। वे स्वयं का तथा संस्था का नाम गौरवान्वित करें यही उनसे अपेक्षा की जाती है।

14.15 विद्यार्थी कक्षा/प्रयोगशाला/लॉबी/सभागार आदि कहीं भी लड़ाई झगड़ा नहीं करेंगें अथवा किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न नहीं करेंगे। किसी भी प्रकार की हिंसा पूर्णतः प्रतिबंधित है।

14.16 विद्यार्थी एक दूसरे के साथ सौहार्द्रपूर्ण, मित्रवत् सहयोगी के रूप में रहते हुए एक–दूसरे का सम्मान करेंगे।

14.17 विद्यार्थी विश्वविद्यालय के सभी अधिकारियों, प्राध्यापकों तथा कर्मचारियों के प्रति पूर्ण आदर भाव

प्रदर्शित करेंगें तथा अधिकारियों एवं प्राध्यापकों के द्वारा प्रसारित समस्त आदेशों एवं निर्देशों का पालन करते हुए उनके साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार करेंगें।

14.18 विद्यार्थी अपनी सभी गतिविधियों को समय पर पूर्ण करेंगे तथा शैक्षणिक सारिणी, समय एवं तिथिपत्रक के अनुसार ही कार्य करेंगें।

14.19 विद्यार्थी सभी निर्धारित सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक कक्षाएं, प्रक्षेत्र कार्य, सेमिनार, मीटिंग एवं कॉन्फ्रेंस आदि में समय से उपस्थित होंगे।

14.20 विद्यार्थी किसी भी राजनैतिक गतिविधि में भाग नहीं लेंगे तथा ऐसे किसी भी समूह अथवा संध का हिस्सा नहीं होगें जो विश्वविद्यालय के हित एवं सुचारू कार्यशीलता के विपरीत हो।

14.21 यदि कोई विद्यार्थी किसी भी रूप में किसी के पक्ष में प्रचार प्रसार करता है अथवा प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से उसका उपयोग करता है तो वह विद्यार्थी अयोग्य माना जायेगा।

14.22 ऐसे विद्यार्थी जिसका आचरण, अनुशासन के मानक मापदण्डों के अनुरूप नहीं होगा उसे रैगिंग/अनुशासनहीनता/दुराचरण/दुर्व्यवहार/अनैतिक साधन के उपयोग आदि की गंभीरता के आधार पर किसी दूसरे केम्पस में भेजा जा सकता है अथवा उसे विश्वविद्यालय की नामदर्ज सूची से एक पूर्ण सत्र/एक पूर्ण शैक्षणिक वर्ष के लिये निलम्बित अथवा निष्कासित किया जा सकता है अथवा दण्ड/चेतावनी दी जा सकती है।

15. दण्डारोपण :

15.1 विभागाध्यक्ष, छात्रावास अधीक्षक, परामर्शदाता तथा प्राध्यापक अनुशासन बनाये रखने में अधिष्ठाता की मदद करेंगे। वे उनके संज्ञान में आने वाली अनुशासनहीनता तथा कदाचरण की घटनाओं की सूचना अधिष्ठाता को देंगे। रैंगिंग एक गंभीर अपराध है।ऐसे विद्यार्थी जो रैगिंग में प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से संलग्न पाये जाते हैं उन्हें ऐन्टी रैंगिंग समिति अथवा अधिष्ठाता द्वारा गठित अन्य समिति द्वारा अपराध की प्रकृति एवं गंभीरता के आधार पर दण्डित किया जायेगा। महाविद्यालय स्तर पर रैगिंग करने के दोषी पाये जाने पर निम्न में से कोई एक अथवा संयुक्त रूप से एक से अधिक दण्ड दिये जा सकेंगे :

अ) कक्षा में उपस्थिति एवं शैक्षणिक लाभ से वंचित करना।

ब) छात्रवृत्ति अथवा अध्येतावृत्ति एवं अन्य लाभों को रोकना/वापस लेना।

स) किसी भी जाँच/परीक्षा या अन्य मूल्यांकन प्रक्रिया में सम्मिलित होने से वंचित करना।

द) परीक्षा परिणाम रोक देना।

इ) विद्यार्थी को किसी भी क्षेत्रीय/राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय समागम/टूर्नामेंट युवा महोत्सव आदि से वंचित रखना।

क) छात्रावास से निलंबित/निष्कासित करना।

ख) प्रवेश निरस्तीकरण/महाविद्यालय या विश्वविद्यालय की नामदर्ज सूची से निष्कासित करना।

ग) एक से चार सेमेस्टर के लिये महाविद्यालय से निष्कासन।

घ) महाविद्यालय से निष्कासन के साथ ही एक निश्चित अवधि के लिये किसी अन्य संस्था में प्रवेश से वंचित रखना।

ड) सामूहिक दण्डः यदि रैगिंग का अपराध करने वाले चिन्हित न हो पायें ऐसी स्थिति में महाविद्यालय को सामूहिक दण्ड का प्रश्रय लेना चाहिये।

15.2 परीक्षा के दौरान हुई अनुशासनहीनता, कदाचरण, अनैतिक/अनुचित साधनों के उपयोग के समस्त प्रकरणों को शैक्षणिक नियम 11.5 के अनुसार बनाई गई अनुशासन समिति के समक्ष विस्तृत जाँच हेतु प्रस्तुत करना होगा। अनुशासन समिति को संबंधित विद्यार्थी को कारण बताओ "सूचना" जारी करना होगा तथा उसका पक्ष सुनना होगा। अनुशासन समिति की अनुशंसा पर महाविद्यालय का अधिष्ठाता समिति के प्रतिवेदन प्राप्ति के 3 दिन के भीतर दण्डारोपण या आवश्यक कार्यवाही करेगा। महाविद्यालय के अधिष्ठाता तद्सम्बंध में की गई कार्यवाही को निदेशक शिक्षण, संबंधित अधिष्ठाता संकाय तथा कुलसचिव को सूचित करेंगे।

15.3 अनुशासनहीनता/दुर्व्यवहार/कदाचरण आदि प्रकरणों की गंभीरता के आधार पर विद्यार्थी को निम्न दण्ड दिये जा सकेंगेः

अ) लिखित चेतावनी पत्र दिया जावे जिसमें स्पष्ट निर्देश रहे कि भविष्य में यदि पुनः इस तरह के प्रकरण में संलिप्त पाये गये तो उसे गंभीरता से लिया जाकर विद्यार्थी को विश्वविद्यालय की नामदर्ज सूची से निष्कासित कर दिया जायेगा।

ब) (i) राशि रू. 3000/– का अर्थदण्ड आरोपण।

(ii) यदि विश्वविद्यालय की संपत्ति को क्षति पहुंचती है तो रू. 3000/– राशि का अर्थदण्ड और यदि संपत्ति को अधिक क्षति होती है तो क्षतिपूर्ति हेतु अर्थदण्ड का निर्धारण संबंधित महाविद्यालय के अधिष्ठाता के द्वारा गठित समिति के मूल्यांकन के आधार पर किया जावेगा।

स) गृहनगर से दूर किसी अन्य महाविद्यालय में विद्यार्थी के स्थानांतरण हेतु संबंधित अधिष्ठाता संकाय को अनुशंसा प्रेषित की जायेंगी।

द) जिस शैक्षणिक वर्ष में वह प्रकरण/घटना हुई हो उस शैक्षणिक वर्ष के लिये विद्यार्थी को निष्कासित करना।

15.4 केवल 15.3 के अंतर्गत उल्लेखित दण्ड के विरूद्व विद्यार्थी संबंधित अधिष्ठाता संकाय से पुनर्विचार हेतु प्रार्थना कर सकता है।

15.5 परीक्षा में अनुचित साधनों के प्रयोग/प्रयास करने पर जो विद्यार्थी दण्ड का भागी होगा वह दण्ड की अवधि में निम्न से वंचित रहेगा :

अ) विश्वविद्यालय में अथवा विश्वविद्यालय के बाहर होने वाली खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतिस्पर्धाओं में महाविद्यालय/विश्वविद्यालय के प्रतिनिधित्व से।

ब) विद्यार्थी संगठन, क्लब अथवा सोसायटी में किसी प्रकार के पदाधिकारी के प्रभार से।

स) छात्रवृत्ति/अध्येतावृत्ति/अन्य वृत्ति से

15.6 उपरोक्त नियमों के होते हुए भी शैक्षणिक परिषद् को महाविद्यालय के अधिष्ठाता अथवा विश्वविद्यालय के किसी अधिकारी द्वारा प्रदत्त दण्ड को बढ़ाने/घटाने/अथवा परिवर्तित करने की शक्ति प्राप्त होगी।

16. छात्रावासी विद्यार्थियों हेतु नियमावलीः

16.1 वे विद्यार्थी जो प्रवेश पश्चात् छात्रावास की आवासीय सुविधा का लाभ लेना चाहते है उन्हें संबंधित महाविद्यालय के अधिष्ठाता को निर्धारित प्रपत्र में आवेदन देना होगा।

16.2 छात्रावास में आवासीय कक्ष की उपलब्धता होने पर छात्रावास अधीक्षक, महाविद्यालय के अधिष्ठाता से परामर्श कर कक्ष आवंटित करेंगे।

16.3 नवीन प्रविष्ट एवं पूर्व के अध्ययनरत विद्यार्थी दोनों ही को पंजीयन के समय निर्धारित छात्रावास शुल्क जमा करना होगा।

16.4 अ) प्रत्येक विद्यार्थी को उस आवंटित कक्ष में ही रहना होगा तथा कोई भी विद्यार्थी छात्रावास अधीक्षक की पूर्वानुमति के बिना कक्ष परिवर्तन नहीं करेगा।

ब) कक्ष में प्रदाय सुविधाएं जैसे फर्नीचर एवं फिटिंग्स की देखभाल एवं उन्हें सही व्यवस्थित रूप में रखने हेतु छात्रावासी स्वयं उत्तरदायी होगा।

स) छात्रावासी अपने कक्ष को साफ–स्वच्छ रखेंगे तथा छात्रावास एवं उसके आसपास स्वच्छता बनायें रखने में सहायता करेंगे।

द) किसी भी प्रकार के मद्यसारी पेय, मादक द्रव्य अथवा ज्वलनशील सामग्री छात्रावास में रखने की अनुमति नहीं है।

इ) शैक्षणिक वातावरण के प्रतिकूल तथा शांति को भंग करने वाली राजनैतिक अथवा अन्य उद्देश्य से बैठकें अथवा सभा आयोजित करना सख्त प्रतिबंधित है।

क) ऐसी कोई भी गतिविधियाँ जैसे अपमाजनक कार्य, तीव्र स्वर में गायन, रेडियों, टेलीविजन अथवा वाद्ययंत्रों का उपयोग आदि जो साथ में रहने वाले अन्य छात्रावासियों के कार्य में व्यवधान उत्पन्न करें, पूर्णतः प्रतिबंधित है।

ख) विद्यार्थी को छात्रावास में कार्यरत सेवकों के विरूद्ध किसी भी तरह की कार्यवाही करने से स्वयं को विरत रखना होगा। किसी भी सेवक के विरूद्ध यदि किसी विद्यार्थी को शिकायत है तो उसे छात्रावास अधीक्षक को बताना होगा।

ग) सभी विद्यार्थी छात्रावासी–भोजन व्यवस्था का उपयोग करेंगे जब तक किसी प्रामाणिक आधार पर छात्रावास अधीक्षक द्वारा छूट/रियायत न दी गई हो।

घ) छात्रावास के कक्ष में भोजन बनाना पूर्णतः वर्जित है।

16.5 फर्नीचर एवं उपकरणः सामान्यतः प्रत्येक विद्यार्थी को एक कुर्सी, एक मेज, एक पलंग तथा एक सीलिंग पंखा दिया जायेगा।वह कक्ष में दिये गये फर्नीचर के लिये जिम्मेदार होगा। किसी भी कारण से फर्नीचर एक कक्ष से दूसरे कक्ष में नहीं ले जाया जा सकेगा। प्रत्येक विद्यार्थी को छात्रावास में उसे सौंपी गई सामग्री को कोई क्षति नही पहुंचे इसे सुनिश्चित करना होगा। किसी भी सामग्री को उपेक्षा के कारण अथवा जानबूझकर हुई क्षति के लिये क्षतिपूर्ति की भरपाई संबंधित छात्रावासी से ही की जायेगी।

16.6 विद्युतः आवश्यकता न होने पर बिजली के स्विच बन्द रखे जायें। विद्युतीय हीटर, इमर्शन रॉड अथवा अन्य विद्युतीय उपकरणों का प्रयोग वर्जित है। प्रत्येक विद्यार्थी को छात्रावासीय विद्युत देयक के आधार पर विद्युतीय भार स्वयं वहन करना होगा।

16.7 छात्रावास में अनुपस्थितिः छात्रावास से एक या एक से अधिक रात के लिये अनुपस्थित रहने हेतु विद्यार्थी को छात्रावास अधीक्षक से पूर्वानुमति लेना आवश्यक है। ऐसा न करने पर प्रतिदिन 100 रू. के हिसाब से विद्यार्थी को अर्थदण्ड वहन करना होगा।

16.8 अतिथिः छात्रावास में अतिथि के रहने की अनुमति नहीं है। विद्यार्थी के निकट संबंधी जो दूरस्थ स्थान से आये हों, उन्हें विश्वविद्यालय के अतिथि गृह में ठहरने की सुविधा प्रदान की जायेंगी।

16.9 रात्रि उपस्थिति अंकन :

अ) रात्रि उपस्थिति प्रत्येक "ब्लॉक प्रिफेक्ट" के द्वारा शीत ऋतु में रात्रि 9 बजे तथा ग्रीष्म में रात्रि 10 बजे अंकित की जायेगी। उपस्थिति दर्ज कराने हेतु सभी विद्यार्थी अपने अपने कक्ष में उपस्थित रहेंगे।

ब) उपस्थिति अंकन के समय अनुपस्थित रहने पर प्रत्येक छात्र पर 50 रू. प्रति अनुपस्थिति के हिसाब से दण्ड वसूला जायेगा।

स) उपस्थिति अंकन के पश्चात् विद्यार्थी को छात्रावास छोड़ने की अनुमति नहीं होगी। यद्यपि किसी आपात परिस्थिति में रात्रि दस बजे के पश्चात् एक निश्चित समय के लिये छात्रावास छोड़ने हेतु छात्रावास अधीक्षक विद्यार्थी को अनुमति प्रदान कर सकते है।

16.10 छात्रावास रिक्त करनाः

उपाधि कार्यक्रम की सभी आवश्यक पूर्ति के पश्चात् विद्यार्थी को एक सप्ताह के भीतर छात्रावास रिक्त करना होगा। छात्रावास छोड़ने के पूर्व छात्र को छात्रावास अधीक्षक से "अनापत्ति प्रमाण पत्र" प्राप्त करना होगा। अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने के पूर्व यदि किसी छात्र ने किसी तरह की क्षति पहुंचाई है तो उससे पहले उसकी भरपाई को सुनिश्चित करना होगा।

16.11 छात्रावास में आचरण एवं अनुशासनः

अ) छात्रावास में विद्यार्थियों से पूर्ण अनुशासन एवं उपयुक्त शैक्षणिक वातावरण बनाये रखने की अपेक्षा की जाती है।

ब) सामान्यतः सभी से एवं विशेष रूप से छात्रावास में निवासरत साथियों के साथ विद्यार्थी को सभ्य एवं शिष्ट आचरण करना होगा। किसी भी विवाद की स्थिति में अंतिम समाधान हेतु छात्रावास अधीक्षक को उसकी सूचना देना होगी।

स) किसी भी छात्रावासी के नियम उल्लंघन करने का दोषी पाये जाने पर निम्न दण्ड प्रावधानित है–:

(i) मौखिक अथवा लिखित चेतावनी

(ii) रूपये 100/– का आर्थिक दण्ड

उपर्युक्त के अतिरिक्त यदि कोई छात्रावासी आचरण एवं अनुशासन के नियमों के गंभीर उल्लंघन का दोषी पाया जाता है तो महाविद्यालय के अधिष्ठाता द्वारा निम्न दण्ड दिये जा सकते हैं :

(i) रूपये 1000/– का आर्थिक दण्ड

(ii) छात्रावास से निष्कासन

16.12 छात्रावास अधिशासन :

अ) प्रत्येक छात्रावास में एक छात्रावास अधीक्षक होंगे जो छात्रावासीय नियमों का पालन करवाने के लिये उत्तरदायी होंगे। जहाँ तक हो सके, महाविद्यालय के आवासीय परिसर में निवासरत प्राध्यापकों/वैज्ञानिकों में से अधिष्ठाता द्वारा छात्रावास अधीक्षक केवल तीन वर्ष के लिये नियुक्त किया जायेगा। प्रत्येक 50 विद्यार्थियों पर एक छात्रावास अधीक्षक होगा।

ब) छात्रावास में कक्ष–आवंटन, छात्रावासीय भवन के रख–रखाव तथा छात्रावास में अनुशासन बनाये रखने में छात्रावास अधीक्षक अपने महाविद्यालय के अधिष्ठाता का सहयोग करेंगे।

स) प्रत्येक छात्रावास अधीक्षक, अपने छात्रावास के कार्यालय में प्रतिदिन एक निश्चित समय पर कम से कम एक घंटा उपस्थित होंगे जिसकी सूचना छात्रावास के सूचना पटल पर अंकित की जायेगी।

द) छात्रावास अधीक्षक छात्रावास में नियुक्त कर्मचारी के कार्यों का अधिवीक्षण करेंगे।

इ) छात्रावासीय विद्यार्थी के रोगग्रस्त अथवा दुर्घटनाग्रस्त होने पर, छात्रावास अधीक्षक विश्वविद्यालय के चिकित्सकीय अधिकारी को सूचित करेंगे तथा उक्त विद्यार्थी को उपयुक्त चिकित्सकीय लाभ मिलना सुनिश्चित करेंगे। छात्रावास अधीक्षक इस तरह के सभी प्रकरणों की सूचना अपने महाविद्यालय के अधिष्ठाता को भी देंगे।

फ) अधीक्षक अपने छात्रावास के प्रत्येक ब्लॉक (प्रखण्ड) के लिये प्रीफेक्ट (नायक) नियुक्त करेंगे तथा उनके कार्यो का अधिवीक्षण करेंगे। छात्रावास अधीक्षक को आवश्यकतानुसार छात्रावास प्रखण्डनायक (हॉस्टल ब्लॉक के प्रीफेक्ट) को विमुक्त करने की शक्तियां प्राप्त होगी।

क) छात्रावास अधीक्षक छात्रावास में मनाये जाने वाले कार्यक्रमों/उत्सवों का अधिवीक्षण भी करेंगे।

16.13 छात्रावास अधीक्षक एवं सहायक अधीक्षक किसी भी छात्र के कक्ष में प्रवेश हेतु अधिकृत होंगे तथा आवश्यकता पड़ने पर कक्ष की तलाशी भी ले सकेंगे। वे किसी भी कक्ष के ताले को तोड़ने या खोलने के लिये भी अधिकृत होंगे तथा आवश्यकता होने पर किसी भी छात्रावासीय विद्यार्थी के सामान को किसी अन्य स्थान पर ले जाकर रख सकते हैं। आवश्यकता होने पर वे किसी छात्र के कक्ष को भी परिवर्तित कर सकते हैं।

16.14 प्रखण्ड नायक/ब्लॉक प्रिफेक्ट के कर्तव्य :

अ) प्रखण्ड नायक अपने प्रखण्ड के विद्यार्थियों की उपस्थिति दर्ज करेंगे तथा अनुपस्थित छात्रों की सूचना यथाशीघ्र छात्रावास अधीक्षक को देंगे।

ब) अपने प्रखण्ड में शैक्षणिक वातावरण के निर्माण हेतु कटिबद्व होंगे।

स) वे दुर्व्यवहार अथवा/अनुशासन उल्लंघन के सभी प्रकरणों की सूचना अविलम्ब छात्रावास अधीक्षक को देंगे।

द) वे अपने प्रखण्ड के सभी विद्यार्थियों को उपलब्ध तथा सुलभ होंगे।

16.15 कॉमन रूम/सर्वाथ कोष्ठ सुविधा का प्रबंधनः

अ) छात्रावासीय विद्यार्थियों के मनोरंजन हेतु प्रत्येक छात्रावास में सर्वाथ कोष्ठ या कॉमन रूम की सुविधा प्रदान की गयी है। इस मनोरंजन कक्ष में फर्नीचर, टी.वी., इनडोर–गेम्स, समाचार पत्र, पत्रिकाएं आदि की सुविधाएं उपलब्ध की जायेंगी। मनोरंजन कक्ष में उपलब्ध सुविधाओं का उपयोग विद्यार्थियों द्वारा संयुक्त रूप से किया जावेगा तथा इन सुविधाओं को दूसरे स्थान पर विस्थापित नहीं किया जा सकेगा।

ब) इन सुविधाओं का क्रय एवं रखरखाव अधिष्ठाता के परामर्श पर छात्रावास अधीक्षक द्वारा

किया जायेगा। इन सुविधाओं पर होने वाला व्यय महाविद्यालय में उपलब्ध छात्रावास फण्ड अथवा विद्यार्थी फण्ड द्वारा वहन किया जायेगा।

16.16 भोजनशाला/मैस व्यवस्थाः

अ) प्रत्येक छात्रावास में एक भोजनशाला की सुविधा होगी जिसे सुचारू रूप से चलाने के लिये आवश्यक भोजन पकाने के बर्तन उपलब्ध होंगे। अधिष्ठाता के परामर्श से छात्रावास क्रय समिति द्वारा क्रय की गई सामग्री के समग्र रखरखाव तथा उसकी पंजी के संधारण हेतु छात्रावास अधीक्षक पूर्णतः उत्तरादायी होंगे। केवल छात्रावास में आवासरत छात्रों को ही भोजनशाला सुविधा लाभ लेने की अनुमति होगी। छात्रावास में आवासरत प्रत्येक छात्र को अनिवार्यतः भोजनशाला का उपयोग करना होगा।

ब) छात्रावास अधीक्षक की अध्यक्षता में एक मैस समिति बनाई जायेगी। समिति में सहायक छात्रावास अधीक्षक, प्रखण्ड नायक तथा दो वरिष्ठ छात्र सदस्य के रूप में होंगे। यह समिति मैस को प्रायवेट अनुबंध आधार पर अथवा सहयोग या सांझे के आधार पर चलाने के लिये उत्तरदायी होगी। यह समिति मैस में अच्छी गुणवत्ता के भोजन की उपलब्धता को सुनिश्चित करेगी।

स) समिति द्वारा निर्धारित मैस शुल्क को प्रत्येक छात्रावासीय छात्र अग्रिम रूप से प्रत्येक माह की 5 तारीख तक जमा करायेंगे। निर्धारित तिथि तक मैस शुल्क जमा न करने वाले छात्रों से 10 रूपये प्रतिदिन के हिसाब से दण्ड वसूला जायेगा।

17. शुल्क वापसी/समायोजनः

17.1 एक बार शुल्क भुगतान करने के पश्चात् वह अप्रतिदेय होगी। महाविद्यालय अथवा छात्रावास छोड़ने की स्थिति में शेष देय राशि (यदि हो तो) को काटकर केवल अवधान राशि/कॉशन मनी वापस की जायेगी। प्रत्येक सेमेस्टर के प्रारंभ में अवधान राशि/कॉशन मनी की प्रतिपूर्ति करना होगा। किसी भी विद्यार्थी द्वारा शुल्क के रूप में जमा की गई अधिक राशि (यदि हो तो) को आगामी शैक्षणिक सत्रों के शुल्क में समायोजित किया जायेगा।

17.2 एक महाविद्यालय से दूसरे महाविद्यालय में स्थानांतरित होने पर विद्यार्थी द्वारा जमा किया गया शुल्क संबंधित महाविद्यालय में समायोजित कर लिया जायेगा। किसी विद्यार्थी के स्थानान्तरित होने पर उस महाविद्यालय के अधिष्ठाता, जहां से वह विद्यार्थी स्थानान्तरित हो रहा है, उस छात्र की अवधान राशि एक सप्ताह के अन्दर उस महाविद्यालय को सौंप देंगे जहां उसका स्थानान्तरण हुआ हो।

17.3 विश्वविद्यालय में एक संकाय से दूसरे में स्थानान्तरण होने पर विद्यार्थी द्वारा पूर्व में जमा की गई शुल्क राशि आगामी शैक्षणिक सत्रों में समायोजित कर ली जायेगी।

18. ब्लैकलिस्टेड छात्रः

ऐसा छात्र जो अनुशासनहीनता/दुर्व्यवहार/गलत आचरण/रैगिंग अथवा अन्य गैर–कानूनी कार्य करता है एवं विश्वविद्यालय के किसी महाविद्यालय में अनुशासनहीनता के लिये दो बार दोषी पाया जाकर दण्डित किया जाता है, तो वह छात्र 'ब्लैकलिस्टेड' घोषित होगा एवं वह पुनः उसी महाविद्यालय के किसी भी पी. जी. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु पात्र नहीं होगा।

19 छात्रावास में कक्ष आवंटन करने हेतु दिशा–निर्देशः

1. छात्रावास में निवास करने के इच्छुक विद्यार्थियों को कृषि/उद्यानिकी महाविद्यालयों के छात्रावास में निवास हेतु दो प्रतियों में शपथ पत्र भरकर आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना होगा।
2. छात्रावास आवंटन समिति द्वारा छात्रावास के कक्ष आवंटित किये जायेगें।
3. छात्रावास अधीक्षक को छात्रावास से संबंधित शुल्क जमा कर पावती/छात्रावास निवास पत्र प्रस्तुत करने के बाद ही विद्यार्थियों को छात्रावास के कक्ष की चाबी सौंपी जायेगी।
4. छात्र जिनके पास महाविद्यालय के अधिष्ठाता द्वारा जारी किया छात्रावास निवास पत्र होगा वही छात्रावास में निवास हेतु अधिकृत होगा।
5. छात्रावास में विद्यार्थियों को एक बार कक्ष आवंटित होने के बाद कक्ष बदला नहीं जायेगा। कक्ष परिवर्तन हेतु दिये गये आधार/कारण से अधिष्ठाता के संतुष्ट या सहमत होने पर ही कक्ष परिवर्तन की अनुमति प्रदान की जायेगी।
6. प्रत्येक शैक्षणिक सत्र (एकेडमिक ईयर) के अंत में छात्रावास को रिक्त कराया जायेगा और नये शैक्षणिक सत्र में छात्रावास में कक्ष पुनः आवंटित किया जायेगा।
7. किसी भी छात्र के राजनैतिक बैठक/रैगिंग एवं आपराधिक प्रवृति तथा किसी भी मादक द्रव्य का सेवन करने आदि से संबंधित गतिविधियों में संलग्न पाये जाने पर उसे विश्वविद्यालय के किसी भी कैम्पस के छात्रावास में निवास हेतु पात्रता नहीं होगी।
8. ऐसे छात्र जो पूर्व में अनुशासनहीनता के कारण छात्रावास से निष्कासित किये जा चुके हैं उन्हें विश्वविद्यालय के किसी भी कैम्पस में दोबारा छात्रावास में प्रवेश नहीं दिया जायेगा।
9. छात्रावास में प्रवेश देते समय आई.सी.ए.आर.नामित छात्रों को प्राथमिकता दी जायेगी।
10. छात्रों को छात्रावास आवंटित करते समय प्रावीण्यता, दूरस्थ स्थान से आये हुए छात्र तथा छात्र के स्वास्थ्य संबधी कारणों को भी ध्यान में रखा जायेगा।
11. छात्रावास निवासरत छात्र–छात्राओं के अभिभावक/पालक की फाईल/नस्ती तैयार की जायेगी।
12. पी.जी. एवं पी.एच.डी के जो छात्र–छात्रायें अनुसंधान कर रहें हों, को उनकी आवश्यकता को देखते हुए अधिष्ठाता, छात्रावास में रहने की अनुमति दे सकते हैं।

13. छात्रावासों की मरम्मत अथवा अधिकारियों द्वारा निर्णित अन्य किसी कारण से छात्रावासों को कभी भी रिक्त कराया जा सकता है।

14. छात्रावास में निवासरत छात्र–छात्राओं के नाम एवं रसीद का विवरण छात्रावास के मुख्य द्वार एवं प्रत्येक कक्ष के बाहर अंकित किया जाये।

15. छात्रावास में कक्ष आंवटित/निरस्त करने के समस्त अधिकार संबंधित महाविद्यालय के अधिष्ठाता के पास सुरक्षित होंगे।

20. छात्रावासों में निवास हेतु शपथ पत्रः

1. मैं छात्रावास आवंटन समिति द्वारा आवंटित कक्ष में ही निवास करूँगा/करूँगी।

2. छात्रावास अधीक्षक द्वारा दिया गया सामान उदाहरणतः कुर्सी, टेबल, पंखा, बर्तन एवं फर्नीचर आदि जिस अवस्था में मुझे सौंपी जायेगी, वापसी के समय उसी स्थिति में वापस करूँगा/करूँगी। उपर्युक्त सामग्री को छात्रावास से बाहर नही ले जाऊँगा/जाऊँगी। मुझे सौंपी गई सामग्री के क्षतिग्रस्त होने पर उस क्षति हेतु मैं स्वयं उत्तरदायी होऊँगा/होऊँगी।

3. छात्रावास के कॉमन हॉल आदि सार्वजनिक स्थानों पर किसी प्रकार की क्षति नहीं पहुँचाऊंगा/पहुँचाऊंगी।

4. जब भी अधिष्ठाता द्वारा छात्रावास रिक्त करने के आदेश मिलेंगे, मैं बिना शर्त निश्चित समयावधि में छात्रावास खाली कर दूँगा/दूँगी।

5. मुझे यह ज्ञात है कि किसी भी मादक द्रव्य का सेवन करना अपराध है, यदि मुझे मादक द्रव्य का सेवन करते हुए पाया जाये तो मुझे छात्रावास से निष्कासित कर दिया जाये।

6. मैं किसी तरह की राजनैतिक बैठक/रैगिंग एवं आपराधिक प्रवृति से संबंधित गतिविधियों में भाग नही लूँगा/लूँगी।

7. मैं अनावश्यक रूप से छात्रावास में किसी भी तरह का शोर–गुल नही करूँगा/करूँगी।

8. छात्रावास में किसी भी सेवक के साथ अभद्र व्यवहार या मारपीट मुझ से अपेक्षित नहीं है। मुझे यह ज्ञात है कि ऐसा करने पर मुझे छात्रावास से निष्कासित किया जा सकता है।

9. छात्रावास के कमरे में खाना बनाना एवं हीटर, कूलर या अन्य विद्युत उपकरणों का उपयोग करना, छात्रावास नियमों के विरूद्ध है।

10. बिना पूर्वानुमति लिये छात्रावास में अनुपस्थिति एक गंभीर दोष है, जिसके लिये मुझे दण्डित भी किया जा सकता है। यह मुझे ज्ञात है कि यदि मैं सक्षम अधिकारी से बिना अनुमति लिये लगातार एक सप्ताह तक छात्रावास में अनुपस्थित रहता/रहती हूँ तो मुझे छात्रावास से निष्कासित किया जा सकता है।

11. छात्रावास में मेरे द्वारा की गई किसी भी प्रकार के नियमभंग/अनुशासनहीनता की दशा में मुझे छात्रावास से निष्कासित किया जा सकता है, तदोपरांत विश्वविद्यालय के किसी अन्य महाविद्यालय के छात्रावास में भी भविष्य में मेरी प्रवेश हेतु कोई पात्रता नहीं होगी जिसके लिए मैं स्वयं उत्तरदायी रहूँगा/रहूँगी तथा विश्वविद्यालय के नियमानुसार अन्य दण्ड का भागीदार होऊँगा/होऊँगी।

12. छात्रावास में छात्रों को रात्रि 9:30 से प्रातः 6:30 बजे तक एवं छात्राओं को सायं 6:30 से प्रातः 6:30 बजे तक रहना अनिवार्य है। इस अवधि में परिवर्तन की आवश्यकता होने पर छात्रावास अधीक्षक से लिखित अनुमति प्राप्त करूँगा/करूँगी।

13. किसी भी स्थिति में मैं अपने साथियों के साथ अवकाश के दिन या अन्य दिवसों में पिकनिक, पार्टी आदि के लिए बिना छात्रावास अधीक्षक की अनुमति के नहीं जाऊँगा/जाऊँगी।

14. मैं अपने कक्ष में किसी भी प्रकार के हथियार, आग्नेयास्त्र, लाठी, डण्डा, रॉड, स्टिक, चेन, धारदार वस्तुएं आदि को नही रखूँगा/रखूँगी, न ही किसी असामाजिक तत्व को छात्रावास में शरण दूँगा/दूँगी। ऐसी स्थिति पाये जाने पर पुलिस प्रशासन द्वारा छात्रावास में प्रविष्ट होकर आवश्यक कानूनी कार्यवाही किये जाने पर मैं स्वयं उत्तरदायी रहूँगा/रहूँगी।

15. मैं अपनी समस्त सामग्रियों जैसे–कम्प्यूटर, लैपटॉप, मोबाईल फोन, कीमती सामान आदि के लिये स्वयं जिम्मेदार होऊँगा/होऊँगी।

16. कन्या छात्रावास में किसी भी पुरूष के प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। मेरे परिवार की महिला सदस्य ही दिन के समय छात्रावास अधीक्षिका की अनुमति से मुझसे मिल सकती है।

17. प्रथम वर्ष की छात्रा के रूप में मैं केवल परिवार के सदस्य के साथ ही छात्रावास से अपने गृह नगर प्रस्थान कर सकूँगी। मैं अकेली अपने गृह नगर की यात्रा नहीं कर सकूँगी। यदि विशेष परिस्थितियों में मुझे जाना पड़ा तो मैं इस हेतु पूर्व में लिखित अनुमति लूँगी।

18. मैं छात्रावास/कॉलेज परिसर या किसी अन्य स्थान पर रैगिंग के कृत्य में सहभागी नहीं होऊँगा/होऊँगी। मैंने रैगिंग के अन्तर्गत आने वाले कृत्यों एवं दण्डों का अध्ययन कर लिया है। मैं जानता/जानती हूँ कि यह एक आपराधिक कृत्य है।

19. प्रत्येक शैक्षणिक सत्र के अंत में छात्रावासों को रिक्त कराया जायेगा और नये शैक्षणिक सत्र में छात्रावासों में नए सिरे से आवंटन किया जायेगा। इस व्यवस्था से मैं सहमत हूँ।

20. जाति, धर्म, क्षेत्र, वर्ण, ऊँच–नीच के आधार पर कभी भी किसी से व्यवहार नहीं करूँगा/करूँगी तथा सभी जाति एवं धर्मों का सम्मान करूँगा/करूँगी।

21. मुझे ज्ञात है कि छात्रावास में स्थान की उपलब्धता मेरा स्वाधिकार या विशेष अधिकार नहीं है वरन् यह विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्धता अनुसार प्रदत्त की गई सुविधा है।

22. मुझे ज्ञात है कि छात्रावास में किसी भी किस्म का जुआं–सट्टा खेलना कानूनी अपराध है। यदि

मैं इस तरह की गतिविधियों में संलिप्त पाया जाता हूँ तो महाविद्यालय प्रशासन द्वारा मेरे ऊपर आपराधिक प्रकरण दर्ज कराया जा सकता है।

23. छात्रावास की दीवार आदि को मैं अश्लील टिप्पणियों/ अश्लील चित्रण के द्वारा गन्दा नहीं करूंगा/करूंगी तथा छात्रावास की पूर्ण स्वच्छता के प्रति जबावदार रहूँगा/रहूँगी।

24. महाविद्यालय के अधिष्ठाता द्वारा बनायी गयी समिति अथवा छात्रावास अधीक्षक के औचक निरीक्षण के दौरान, मांगने पर मैं अधिष्ठाता द्वारा जारी किया गया पहचान पत्र, छात्रावास निवास पत्र तथा छात्रावास से संबधित शुल्क की रसीदें आदि प्रस्तुत् करूँगा/करूँगी।

25. यदि मैं छात्रावास शुल्क जमा किये बिना छात्रावास में निवास करता पाया जाऊँगा/जाऊँगी, तो महाविद्यालय प्रशासन द्वारा मेरे ऊपर की गई कार्यवाही के लिये मैं स्वयं उत्तरदायी होऊँगा/होऊँगी।

25. मुझे ज्ञात है कि उपाधि संबंधित सभी शर्ते/आवश्यकताएं पूरी होने पर मुझे छात्रावास अधीक्षक से एक सप्ताह के अन्दर अनापत्ति प्रमाण पत्र लेकर छात्रावास रिक्त करना होगा।

27. मुझे ज्ञात है कि छात्रावास आवंटन/निरस्त करने के समस्त अधिकार महाविद्यालय के अधिष्ठाता के पास सुरक्षित हैं।

मैं.....(विद्यार्थी एवं उसके अभिभावक/पालक का नाम) ..... (स्थायी एवं वर्तमान निवास पता) शपथ पूर्वक कथन करता/करती हूँ कि छात्रावास में प्रवेश लेने के बाद छात्रावास के सभी नियमों का पालन करते हुए अनुशासित रहूँगा/रहूँगी। यदि मैं छात्रावास के नियमों के विरूद्ध कोई कार्य करते पाया गया/पायी गयी तो छात्रावास के नियमानुसार जो भी कार्यवाही की जायेगी/दण्ड दिया जायेगा उसके लिये मैं स्वयं जिम्मेदार रहूँगा/रहूँगी।

अभिभावक/पालक के हस्ताक्षर.....

दिनांक ..... **छात्र/छात्रा के हस्ताक्षर**

21. छात्रावास में विद्यार्थियों के निवासरत रहने, उसे रिक्त करने और छात्रावास से निष्कासन हेतु दिशा निर्देश (अधिसूचना क्र./कु.स./प्रमं. बैठक/अ.सू./2016/8402 दिनांक 22/10/2016)

अ) छात्रावास में निवासरत रहने की अवधि :

1. प्रारंभ में, छात्रावास में रहने की अनुमति वर्तमान सेमेस्टर के लिये रहेगी तथा आगामी सेमेस्टर में पंजीकरण की निरन्तरता होने तथा समय–समय पर शैक्षणिक आवश्यकताओं की पूर्ति होने की

शर्त पर आवंटनकर्त्ताओं द्वारा अनुमति का नवीनीकरण किया जायेगा। छात्रावास में निवास हेतु इच्छुक सभी विद्यार्थियों को प्रत्येक सेमेस्टर में छात्रावास के सभी शुल्क भुगतान तथा पंजीकरण के प्रमाण के साथ पंजीकरण पर्ण (Counter-foil) के छात्रावास कार्यालय में जमा कर देने के प्रमाण निर्धारित समय सीमा में प्रस्तुत करना होंगे। ऐसा न करने पर विद्यार्थी को छात्रावास से निष्कासित किया जायेगा।

2. वे विद्यार्थी जिन्होंने स्नातक (कृषि/उद्यानिकी) में प्रवेश लिया है, को आवासीय आवश्यकता के अनुसार स्नातक (कृषि/उद्यानिकी) में प्रवेश की तिथि से पाठ्यक्रम की पूर्णता तक (महाविद्यालय में 3–1/2 वर्ष तथा RAWE/RHWE में 6 माह) छात्रावास में रहने की अनुमति होगी।

3. वे विद्यार्थी जिन्होंने स्नातकोत्तर (कृषि/उद्यानिकी) में प्रवेश लिया है, को स्नातकोत्तर (कृषि/उद्यानिकी) में प्रवेश की तिथि से दो वर्ष की अवधि तक छात्रावास में रहने की अनुमति होगी।

4. वे विद्यार्थी जिन्होंने पी.एच.डी. (कृषि/उद्यानिकी) में प्रवेश लिया है, को पी.एच.डी. (कृषि/उद्यानिकी) में प्रवेश की तिथि से तीन वर्ष की अवधि तक छात्रावास में रहने की अनुमति होगी।

5. स्नातक प्रथम वर्ष तथा स्नातकोत्तर एवं पी.एच.डी. के पूर्वाद्ध में विद्यार्थी के पुनः प्रवेशित अथवा पुनरावृत्त होने पर सम्बन्धित महाविद्यालय का अधिष्ठाता उन्हें छात्रावास में एक वर्ष से अधिक रहने की अनुमति प्रदान करेंगे।

6. विद्यार्थी की आवासीय आवश्यकता की पूर्ति के बाद विद्यार्थी छात्रावासी कक्ष को अधिकतम छः माह तक संबंधित महाविद्यालय के अधिष्ठाता की अनुमति से स्वंय के लिये रख पायेगा।

7. एक छःमाही के पश्चात् विद्यार्थी को छात्रावास रिक्त करना होगा। स्नातकोत्तर एवं पी.एच.डी. के अध्ययनरत विदेशी मूल के विद्यार्थियों को उनके शोधग्रंथ की मौखिक परीक्षा (viva-voce) होने तक छात्रावास में आवास की पात्रता होगी।

8. RAWE/RHWE कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थी को छात्रावास रिक्त करना होगा। यद्यपि निर्धारित छात्रावासीय शुल्क के भुगतान की शर्त पर वह छात्रावासी के रुप में छात्रवृत्ति/अध्येतावृत्ति प्राप्त करने का पात्र होगा।

ब.) छात्रावासीय कक्ष को रिक्त करना :–

1. अंतिम वर्ष के सभी विद्यार्थियों को छात्रावास में रहने की उनकी सामान्य अवधि समाप्त होने की तिथि पर सम्बन्धित छात्रावास अधीक्षक को अपना कक्ष सौंपना होगा। यद्यपि, सम्बन्धित महाविद्यालय के अधिष्ठाता ऐसे विद्यार्थियों को छः माह की अवधि की अतिरिक्त अनुमति दे सकते हैं।

2. ऐसे विद्यार्थी जो किसी भी सेमेस्टर के मध्य में अपनी पढ़ाई छोड़ देते हैं उन्हें छात्रावास छोड़ने की तिथि के कम से कम चार दिन पूर्व सम्बन्धित छात्रावास अधीक्षक को छात्रावास रिक्त करने

सम्बन्धी आवेदन देना होगा। छात्रावास अधीक्षक उस सम्बन्धित विद्यार्थी द्वारा छात्रावास एवं मैस शुल्क के भुगतान सम्बन्धी प्रतिपूर्ति की सुनिश्चितता होने पर उसे छात्रावास रिक्त करने हेतु अनुमति प्रदान करेंगे।

3. छात्रावास रिक्त करने से पूर्व प्रत्येक विद्यार्थी अपने कक्ष की सभी सामग्री छात्रावास अधीक्षक अथवा ब्तमजांमत को सौंपेंगे तथा छात्रावास एवं मैस के सभी भुगतान सुनिश्चित करेंगे। छात्रावासी विद्यार्थी को छात्रावास को रिक्त करते समय या उन्हें छात्रावास से निष्कासित करने पर छात्रावास रिक्त करते समय उन्हें सौंपी गई सामग्री के गुम होने या क्षतिग्रस्त होने पर उसकी पूरी कीमत अदा करना होगी। सम्बन्धित छात्रावास अधीक्षक उक्त सामग्री के मूल कीमत में से मूल्यह्रास राशि को घटाकर उक्त सामग्री की कीमत का निर्धारण करेंगे।

4. छात्रावास को रिक्त करने की निर्धारित तिथि पर छात्रावास कक्ष को रिक्त न करने पर छात्रावासी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी या उससे दण्ड वसूला जायेगा अथवा दोनों ही कार्यवाही की जाकर उक्त विद्यार्थी के विरुद्ध निष्कासन की प्रक्रिया प्रारंभ की जायेगी।

5. यदि कोई विद्यार्थी आवासीय आवश्यकता के पूर्ण होने पर छात्रावास कक्ष रिक्त नहीं करता है तो उसका परीक्षा परिणाम रोक दिया जायेगा।

स.) निष्कासन की प्रक्रिया :–

1. विश्वविद्यालय के शैक्षणिक, छात्रावासीय, मैस के नियमों के उल्लंघन तथा अनुशासनहीनता करने पर विद्यार्थी को छात्रावास से निष्कासित किया जा सकता है।

2. निष्कासन की प्रक्रिया छात्रावास अधीक्षक द्वारा प्रारंभ की जाकर आगे की कार्यवाही हेतु सम्बन्धित अधिष्ठाता को प्रस्तुत् की जायेगी जिस पर सम्बन्धित अधिष्ठाता द्वारा निर्णय किया जायेगा।

3. निष्कासन के पूर्व, सम्बन्धित विद्यार्थी को छात्रावास अधीक्षक द्वारा पांच दिवस का नोटिस दिया जायेगा ताकि विद्यार्थी को उसके विरुद्ध प्रस्तावित कार्यवाही की सूचना दी जाये और वह अपनी व्यक्तिगत सामग्री की आवश्यक व्यवस्था कर निष्कासन की निर्धारित तिथि पर अथवा उसके पूर्व कक्ष रिक्त कर सके।

4. यदि विद्यार्थी निष्कासन की नोटिस में उल्लिखित निर्दिष्ट तिथि पर कक्ष रिक्त नहीं करता है तो उसके कक्ष में लगा ताला निम्न की उपस्थिति में तोड़ा जायेगाः

   (i) महाविद्यालय के अधिष्ठाता या उनका प्रतिनिधि जहां आवश्यक हो

   (ii) अधिष्ठाता द्वारा नामित एक वरिष्ठ प्राध्यापक

   (iii) छात्रावास अधीक्षक

   (iv) सुरक्षा अधिकारी या उसका प्रतिनिधि

इस हेतु समिति के सभी सम्बन्धित अधिकारियों को छात्रावास अधीक्षक द्वारा अग्रिम सूचना दी जायेगी।

5. यदि दोषी छात्र के निष्कासन के कारण उस कक्ष में रहने वाला दूसरा अथवा तीसरा विद्यार्थी प्रभावित होता है तो उन्हें छात्रावास अधीक्षक दूसरे कक्ष में आवास व्यवस्था देने का यथासंभव प्रयास करेंगे।

6. यदि कक्ष का ताला तोड़ने पर कक्ष में दोषी विद्यार्थी की कोई व्यक्तिगत सामग्री प्राप्त होती है तो उसकी एक सूची बनाई जाकर निष्कासन के समय उपस्थित सभी से हस्ताक्षर कराये जायेंगे तथा छात्रावास प्रशासन द्वारा उसे अपने विवेकानुसार नष्ट किया जायेगा। छात्रावास प्रशासन इस प्रकार की व्यक्तिगत सामग्री के गुमने अथवा क्षतिग्रस्त होने पर किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा। उक्त व्यक्तिगत सामग्री को नष्ट करने में यदि कुछ राशि प्राप्त होती है तो वह महाविद्यालय के लेखा में जमा की जायेगी।

7. यदि विद्यार्थी को आवंटित फर्नीचर या फिक्सर गुम या क्षतिग्रस्त पाये जाते हैं, तो समिति द्वारा उक्त सामग्री की मूल कीमत में से मूल्यह्रास राशि को घटाकर कीमत निर्धारण की जाकर उसकी कीमत छात्र से वसूल की जायेगी।

22. ओवर ऑल ग्रेड पॉइन्ट ऐवेरेज (ओ.जी.पी.ए.) की गणना

पंचम अधिष्ठाता समिति के प्रतिवेदन के अनुसार ओवर ऑल ग्रेड पॉइन्ट ऐवेरेज (ओ.जी.पी.ए.) की गणना की प्रस्तावित प्रक्रिया परिशिष्ट – अ के अनुसार रहेगी।

पंचम अधिष्ठाता समिति के प्रतिवेदन के अनुसार ओवर ऑल ग्रेड पॉइन्ट ऐवेरेज (ओ.जी.पी.ए.) की गणना की प्रस्तावित प्रक्रिया (काल्पनिक प्राप्तांको के आंकड़ों को मानते हुए)

विषय	विषय श्रेय भार (क्रेडिट)	प्राप्तांक							क्रेडिट के अनुसार सैद्धांतिक परीक्षा'	क्रेडिट के अनुसार प्रायोगिक परीक्षा	अंक प्रतिशत	ग्रेड पाईंट	क्रेडिट पाईंट	ओ.जी. पी.ए.
		सैद्धांतिक परीक्षा	मध्यावधि परीक्षा	असाइनमेंट परीक्षा	कुल प्राप्तांक सैद्धांतिक	प्रायोगिक परीक्षा	प्रायोगिक असाइनमेंट	कुल प्राप्तांक प्रायोगिक						
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15
A	3(2+1)	34	24	-	58	12	4	16	72.50	40.00	75.00	7.500	22.500	
B	3(1+2)	37	25	-	62	12	4	16	38.75	80.00	79.16	7.916	23.748	
C	2(1+1)	30	27	-	57	14	4	18	35.62	45.00	80.62	8.062	16.124	
D	4(3+1)	38	22	-	60	14	4	18	112.50	45.00	78.75	7.875	31.500	
E	2(2+0)	38	23	10	71	-	-	-	71.00	-	71.00	7.100	14.200	
F	1(1+0)	24	25	8	57	-	-	-	28.50	-	57.00	5.700	5.700	
G	4(2+2)	31	24	-	55	10	3	13	68.75	65.00	66.87	6.687	26.748	
H	2(0+2)	-	-	-	-	60	-	60	-	60.00	60.00	6.000	12.000	
Total (a)	**21**												**152.520**	**7.262**
A	3(2+1)	35	14	-	49	11	5	16	61.25	40.00	67.50	6.750	20.250	
B	2(1+1)	23	25	-	48	11	4	15	30.00	37.50	67.50	6.750	13.500	
C	3(1+2)	37	25	-	62	12	4	16	38.75	80.00	79.16	7.916	23.748	
D	2(2+0)	32	27	8	67	-	-	-	67.00	-	67.00	6.700	13.400	
E	4(2+2)	31	24	-	55	10	3	13	68.75	65.00	66.87	6.687	26.748	
F	2(0+2)	-	-	-	-	60	-	60	-	60.00	60.00	6.000	12.000	
G	3(3+0)	38	23	10	71	-	-	-	106.50	-	71.00	7.100	21.300	
H	4(3+1)	33	20	-	53	12	4	16	99.37	40.00	69.68	6.968	27.872	
I	1(0+1)	-	-	-	-	42	-	42	-	21.00	42.00	4.200	4.200	
Total (b)	**24**												**163.018**	**6.792**
Grand Total	**45**												**315.538**	**7.011**

* 50 अंक 1 क्रेडिट माने गये है। ओ.जी.पी.ए. 7.011 (शब्दों में सात दशमलव शून्य एक एक) = 70.11% अंक

1. ग्रेड पाईंट : 10 से भाग दिया हुआ प्राप्तांको का प्रतिशत
2. विषय श्रेय भार (क्रेडिट) पाईंट : ग्रेड पाईंट गुणा क्रेडिट
3. ओ.जी.पी.ए. : कुल क्रेडिट से भाग दिये हुए क्रेडिट पाईंट
4. सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक परीक्षा हेतु प्राप्तांको का भाग विषय श्रेय भार (क्रेडिट) 50 अंक/क्रेडिट के अनुपात में है।

विद्यार्थियों की श्रेणी (डिवीजन) : विद्यार्थियों को प्राप्त ओ.जी.पी.ए. के आधार पर निम्नानुसार श्रेणी प्रदान की जावेगी।

ओ.जी.पी.ए.	श्रेणी (डिवीजन)
5.000 – 5.999	उत्तीर्ण
6.000 – 6.999	द्वितीय श्रेणी
7.000 – 7.999	प्रथम श्रेणी
8.000 एवं अधिक	विशेष योग्यता के साथ प्रथम श्रेणी

23. रैगिंग के अंतर्गत समाविष्ट कृत्य :

रैगिंग के अंतर्गत निम्नांकित में से कोई एक या एक से अधिक कृत्य सम्मिलित हैं:

1. किसी भी विद्यार्थी अथवा विद्यार्थियों का ऐसा आचरण जिस में कहे गये शब्दों, लिखित शब्दों अथवा उसके किसी कृत्य से कोई नवागन्तुक अथवा अन्य विद्यार्थी को छेडना, प्रताड़ित करना, या सख्ती से उसके साथ कठोर व्यवहार करना।

2. किसी भी विद्यार्थी अथवा विद्यार्थियों द्वारा किसी भी उपद्रवी या अनुशासनहीन गतिविधियों में शामिल होकर नवागन्तुक अथवा अन्य विद्यार्थी को पीड़ा या कष्ट पहुँचाना, भौतिक या दैहिक क्षति पहुँचाना, या किसी तरह का भय या डर उत्पन्न करना।

3. किसी भी विद्यार्थी को ऐसा कोई भी कृत्य करने के लिये कहना जो सामान्यतः वह विद्यार्थी नहीं करता तथा जिसके प्रभाव स्वरूप वह विद्यार्थी तिरस्कार/यातना/शर्मिन्दगी का शिकार हो एवं उस से नवागन्तुक अथवा अन्य विद्यार्थी की मानसिक और मनोवैज्ञानिक स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़े।

4. किसी भी वरिष्ठ विद्यार्थी का कोई भी कृत्य जो नवागन्तुक अथवा अन्य विद्यार्थी की नियमित शैक्षणिक गतिविधि में गतिरोध, अवरोध या व्यवधान उत्पन्न करे।

5. किसी भी विद्यार्थी अथवा विद्यार्थी समूह को दिये गये शैक्षणिक कार्य को नवागन्तुक अथवा अन्य विद्यार्थी का शोषण करते हुए उन से वह कार्य पूर्ण करवाना।

6. नवागन्तुक अथवा अन्य विद्यार्थी से आर्थिक जबरन वसूली करना अथवा उस पर बलपूर्वक अर्थव्ययारोपण करना।

7. नवागन्तुक अथवा अन्य विद्यार्थी के साथ किसी भी तरह का शारीरिक प्रताड़ना या दुर्व्यवहार जिसमें सभी तरह के कृत्य जैसेः लैंगिक उत्पीड़न, समलैंगिक उत्पीड़न, निर्वस्त्र करना, बलपूर्वक अश्लील, अभद्र हरकत या संकेत करना, शारीरिक क्षति पहुँचाना अथवा किसी भी तरह की स्वास्थ्य संबंधी क्षति या व्यक्तिगत क्षति पहुँचाना सम्मिलित है, कारित किया जाये।

8. नवागन्तुक अथवा अन्य विद्यार्थी को वचनों से अथवा ई मेल या डाक के माध्यम से किसी भी तरह का कृत्य या प्रताड़ना द्वारा अथवा सार्वजनिक रूप से उसे अपमानित कर उस के अपमान और विवशता पर प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से विकृत आनंद या परपीड़क रोमांच उत्पन्न कर उसका उपहास करना।

9. किसी भी विद्यार्थी द्वारा नवागन्तुक अथवा अन्य विद्यार्थी के मानसिक स्वास्थ्य और मनोबल को प्रभावित करने वाले ऐसे कोई भी कृत्य जो चाहे परपीड़क रोमांच उत्पन्न करने,शक्ति/सत्ता/श्रेष्ठता प्रदर्शन के उद्देश्य से हों या न हों, रैगिंग के अंतर्गत सम्मिलित हैं।

24. स्वर्ण पदक तथा नगद पुरस्कार संबंधी नियमावली

1. इस विश्वविद्यालय द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न उपाधि पाठ्यक्रमों में सफल उम्मीदवारों की सूची में शीर्ष स्थान पाने वाले विद्यार्थी को स्वर्ण पदक/पुरस्कार प्रदान किया जायेगा।

2. विश्वविद्यालय/प्रदाता स्वर्ण पदक/नगद पुरस्कार उन विद्यार्थियों को दिया जावेगा जो जिस वर्ष प्रविष्ट हुए थे उसी बैच के विद्यार्थियों में अपना प्रावीण्य स्थान बनाते हैं।

3. ऐसा विद्यार्थी जिसके स्नातक में 60 प्रतिशत या 6.0 ओ जी पी ए या स्नातकोत्तर में 65 प्रतिशत या 6.5 ओ जी पी ए से कम प्राप्तांक होंगे वह स्वर्ण पदक/नगद पुरस्कार प्राप्त करने की पात्रता नहीं रखता है। यदि एक से अधिक विद्यार्थियों के प्राप्तांक/ओ जी पी ए समान हों और वे स्वर्ण पदक/नगद पुरस्कार के पात्र हों तो वे सभी विद्यार्थी विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक प्राप्त करने के अधिकारी होंगे परन्तु ऐसे प्रकरणों में प्रदाता स्वर्ण पदक अथवा नगद पुरस्कार उसे दिया जायेगा जिसकी उम्र कम हो परन्तु यदि उनकी उम्र में भी समानता हो तो प्रदाता स्वर्ण पदक/नगद पुरस्कार हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा के प्राप्तांको के आधार पर दिया जायेगा।

4. निदेशक शिक्षण (अध्यक्ष), समस्त संकायों के अधिष्ठाता, उपनिदेशक शिक्षण (छात्र कल्याण), तथा उपकुलसचिव (शिक्षण) (सचिव) की समिति स्वर्ण पदक/नगद पुरस्कार हेतु योग्य पात्रों की अंतिम सूची तैयार कर माननीय कुलपति के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत करेगी।

5. किसी भी विवाद की स्थिति में माननीय कुलपति का निर्णय अंतिम एवं सभी के लिये बंधनकारी होगा।

6. जंहाँ तक संभव हो, पदक/पुरस्कार दीक्षान्त समारोह में ही प्रदाय किये जायेंगे यदि दीक्षान्त समारोह का आयोजन न किया जाये तो संबधित महाविद्यालय के अधिष्ठाता किसी कार्यक्रम में स्वर्ण पदक/नगद पुरस्कार प्रदान करेंगे।

